दो मकानोंके ताले तोड़कर लाखोंके गहने एवं नकदी चोरी

एयरपोर्टके गौसपुर एवं झलवामें हुईं घटनाएं, दो संदिग्ध सीसीटीवी कैमरेमें कैद

एयरपोर्ट क्षेत्र में चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाकर नकदी और लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। गौसपुरमें मकान का ताला तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के आभूषण और १५ हजार रुपये चोरी कर लिए। वहीं, झलवा के स्वराज नगर में चोर ५५ हजार रुपये नकद और करीब दो लाख रुपये के जेवरात उठा ले गए। दोनों मामलों में एयरपोर्ट पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरूकर दी है।

एयरपोर्ट क्षेत्र के चक कटहुला गौसपुर निवासी प्रमेंद्र कुमार का प्रीतम नगर में भी मकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को वह परिवार के साथ प्रीतम नगर स्थित मकान में रुके थे। इस दौरान चोरों ने उनके दूसरे मकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली। अगली सुबह घर पहुंचने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर से सोने की छह अंगूठियां, कील, हार, नथिया, हाथ का कंगन, झुमके, टीका, पायल और १५ हजार रुपये गायब थे। झलवा के स्वराज नगर निवासी संजीव सिंह के मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। उनके मुताबिक, बृहस्पतिवार रात चोर घर से ५५ हजार रुपये नकद और करीब दो लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच में रात करीब १:२७ बजे वारदात होने की जानकारी मिली।

उन्होंने दो युवकों की गतिविधियों पर संदेह जताया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

आरओ-एआरओ परीक्षाके पैटर्नको लेकर मंचने सौंपा ज्ञापन

मम्फोर्डगंजमें आज होगी बैठक, अभ्यर्थी तैयार करेंगे अगली रणनीति

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न में सम्भावित बदलाव को लेकर आज संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच द्वारा जिला प्रशासन, प्रयागराज के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा गया।

हुंकार मंच ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि आयोग परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं पैटर्न में सम्भावित बदलाव को लेकर अपनी आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करे। यदि कोई बदलाव प्रस्तावित है, तो अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उस पर पुनर्विचार किया जाय तथा किसी भी परिवर्तन को लागू करने से पहले अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया जाय। इसी मुद्दे पर १८ अक्तूबर रविवार को शाम पांच बजे, शिवाजी पार्क, मम्फोर्डगंज में एक बड़ी बैठक होगी। बैठक में अरारओ-एआरओ परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न में संभावित बदलाव, अभ्यर्थियों की समस्याओं तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

अग्रसेन महोत्सवकी तैयारीको लेकर व्यापारियोंकी बैठक

अग्रहरि समाज जिला प्रयागराज की बैठक झलवा में जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में महाराजा अग्रसेन महोत्सव सफल बनाने के लिए समाज को एकजुट करने के लिए अग्रसेन महोत्सव पर २५ और २६ अक्तूबर को आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुट्ठीगंज में आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं फैंसी ड्रेस, पेंटिंग, डांस प्रतियोगिता समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों का स्वागत और डांडिया उत्सव आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र अग्रहरि सह संयोजक, शिवप्रसाद अग्रहरि एवं इंजी संजीव अग्रहरि नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सुनील अग्रहरि, मनीष अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, बंसी लाल अग्रहरि, बीजू अग्रहरि, अमित अग्रहरि, सुधीर, संतोष अग्रहरि, ओमप्रकाश अग्रहरि, गोविंद अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

रामदल निकलनेवाले इलाकेमें पूरे दिन गायब रही बिजली

त्योहारोंके मद्देनजर बिजली लाइनोंपर चल रहा कार्य



पर्व के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा बिजली के तारों, खंभों और ट्रान्सफार्मर की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकें। इस दौरान ढीले और लटके हुए बिजली के तारों को कसा जाता है। साथ ही पुराने तारों को बदला जाता है। जिससे पूजा पंडालों और रामदल के मार्गों में कोई दुर्घटना की संभावना न बन सके। कार्य के दौरान हीं ओवरलोडिंग की समस्या से निबटने के लिए ट्रान्सफार्मर की चेकिंग की जाती है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाये जाते हैं। बिजली के तारों के पास मौजूद पेड़ों की टहनियों को काटा जाता है। जिससे हवा या बारिश के कारण तार टूटने की समस्या न हो सके। कमेटियों की मांग पर दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षित और वैध बिजली कनेक्शन दिये गये हैं। ताकि शार्ट सर्किट का खतरा न रहे। त्योहार के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति या बिजली कटौती से निपटने के लिए २४ घंटे काम करने वाले विशेष कंट्रोल रूम और हेल्पडेस्क बनाये गये हैं।

जहां पर विद्युत व्यवधान की स्थिति पर तत्काल कर्मचारियों की टीम द्वारा बिजली की समस्या का निवारण किया जाता है। वहीं मरम्मत कार्य के चलते दर्जनों मोहल्लों सलोरी, गोविंदपुर, तेलियरगंज, छोटा बघाड़ा, सोहबतियाबाग, अल्लापुर, अलोपीबाग में बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इसके अलावा बैरहाना, रामबाग, गऊघाट, मुट्ठीगंज, कटघर, कीडगंज, कल्याणी देवी, अतरसुइया, रानीमंडी में बिजली लाइनों के टिपिंग के चलते लोग परेशान रहे है। खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों में बिजली लाइनों के उपकरणों को बदलने का कार्य किया गया। इस दौरान विद्युत उपकेन्द्र के फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों के सामने बिजली की दिक्कत रही है। घंटों लोग बिना बिजली के परेशान रहे हैं। बिजली लाइनों पर कार्य के चलते बैदनटोला, काटजू रोड, डफरिन, मंसूर पार्क, एमएलएन, मरकरी, आरआरआई फीडर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों में घंटों लोग बिना बिजली के परेशान रहे हैं।

बसोंके मेंटेनेंस और चेकिंग स्टाफके व्यवहारपर बढ़ा फोकस

आगामी त्योहारोंको लेकर परिवहन निगमकी तैयारियां शुरू

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने मुख्यालय से लेकर डिपो स्तर पर आगामी दिवाली के त्योहार को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। यात्रियों के दबाव को देखते हुए रोडवेज प्रशासन ने बसों के परिचालन और उनके बेहतर रख-रखाव की कार्य योजना पर काम शुरू कर दिया है। वर्तमान में आजमगढ़, बादशाहपुर, मड़ैया और प्रतापगढ़ जैसे प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार, रोडवेज के बेड़े में लगभग ६५० बसें शामिल हैं, जिनमें से कई वाहन तकनीकी खराबी के चलते संचालन से बाहर हैं। आरएम कार्यालय स्तर पर इन खराब बसों की मरम्मत और नीलामी की प्रक्रिया पर मंथन किया जा रहा है। दिवाली के दौरान स्कूल मेलों और त्योहारों के चलते बढ़ने वाले यात्री लोड को नियंत्रित करना निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस दौरान अतिरिक्त बसों के संचालन को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर हाल ही में हुए बदलावों के तहत नए अधिकारियों ने कार्यभार संभाल लिया है और डिपो में कामकाज को व्यवस्थित करने के लिए बैठकों का दौर जारी है। रोडवेज में चेकिंग व्यवस्था को लेकर भी नए निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक सुपरिटेंडेंट और ट्रैफिक इंस्पेक्टर की तैनाती के बावजूद यात्रियों के साथ उनके व्यवहार को लेकर संवेदनशीलता बरती जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि फील्ड स्टाफ को निर्देश दिया गया है कि चेकिंग के दौरान यात्रियों के साथ संयम बनाए रखें और किसी भी प्रकार के आक्रामक व्यवहार से बचें। यात्रियों को बसों की उपलब्धता और इंक्वायरी नंबरों के प्रति जागरूक करने के लिए अतिरिक्त मैनपावर की तैनाती पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि त्योहार के समय यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।


दीवार गिरनेसे पड़ोसी के घरमें नुकसान, विरोधपर धमकी

स्कूटी, टीनशेड, पिलर एवं फर्श क्षतिग्रस्त, मुकदमा

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राजापुर में पड़ोसी की दीवार गिरने से महिला अधिवक्ता के घर में काफी नुकसान हो गया। मलबे में स्कूटी, टीनशेड, लोहे के पिलर और फर्श की टाइलें क्षतिग्रस्त हो गईं। आरोप है कि नुकसान की भरपाई मांगने पर पड़ोसियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला अधिवक्ता ने सिर पर पत्थर गिरने से चोट लगने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

म्योर रोड निवासी अधिवक्ता शांभवी केसरवानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी मंजू केसरवानी के घर की करीब २५ से ३० फीट ऊंची छत की दीवार गिर गई। मलबा उनके घर के टीनशेड, लोहे के पिलर और गैलरी पर गिरा। उस समय उनके भाई डॉ. मोहित केसरवानी स्कूटी लेकर निकलने वाले थे। वह बाल-बाल बच गए, लेकिन स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फर्श की टाइलें और दो कैमरे भी टूट गये। आरोप है कि नुकसान की भरपाई के लिए कहने पर पड़ोसी मंजू केसरवानी और उनके बेटे कामर्थ उर्फ निर्भय ने गालीगलौज की और धमकी दी। महिला अधिवक्ता के अनुसार, उनके पिता ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी। पुलिसकर्मियों ने पड़ोसियों को मलबा हटाने और नुकसान की भरपाई करने के लिए कहा, लेकिन आरोप है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनके सिर पर पत्थर का टुकड़ा गिर गया, जिससे सूजन आ गई। घटना की रिकॉर्डिंग के दौरान उनकी नौकरानी के पास भी पत्थर गिरा, हालांकि वह बच गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

मेला प्रशासन स्नान घाटोंको दुरुस्त करनेमें जुटा



गंगा और यमुना का जलस्तर कम होने के बाद प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारी और श्रमिक स्नान घाटों को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। पक्के दशाश्वमेध घाट एवं किला घाट पर बाढ़ में बहकर आयी मिट्टी की सफाई कराने के बाद अब मेला प्रशासन का फावड़ा श्रमिक गैंग घाटों को ठीक करने के काम में लगा हुआ है।

दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट पर शनिवार को श्रमिक फावड़ा के सहारे घाट को ठीक करने के काम में लगे रहे। साथ ही संगम नोज पर अक्षयवट मार्ग के उत्तर की ओर जमीन को समतलीकरण करने के काम में भी तेजी आ गयी है। संगम क्षेत्र में जैसे-जैसे जमीन सूख रही है वहां पर ट्रैक्टर और लेवलर लगाकर जमीन को ठीक कराया जा रहा है। साथ ही स्नान घाटों पर भी बालू की बोरियां ठीक करायी जा रही हैं। पक्के किलाघाट के सीढ़ियों पर अभी भी यमुना का जल है। जहां तक पानी नीचे उतर गया है वहां पर जलनिगम की पाइप के सहारे पानी से धुलाई कराकर स्नानघाको साफ करा दिया गया है।

तीन थानोंकी पुलिसने २२ जुआरी दबोचे, १.४६ लाख रुपये बरामद

कीडगंज, एयरपोर्ट एवं करेलीमें देररात छापेमारी

नगर में जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर तीन थाना क्षेत्रों में २२ लोगों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार देररात कीडगंज, एयरपोर्ट और करेली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर आरोपितों को पकड़ा। उनके कब्जे से जुए की फड़ और तलाशी में कुल एक लाख ४६ हजार ९९० रुपये नकद व १५६ ताश के पत्ते बरामद हुए। तीनों थानों में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

डीसीपी सिटी सागर जैन ने बताया कि शुक्रवार देररात मुखबिरों से सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद संबंधित थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की।

कीडगंज पुलिस ने न्यू बैरहना में करन निषाद की गैराज के पास छापा मारकर नौ लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें गुड्डू, सत्यम, दीपू, दिनेश, अबु, लवकुश, दीपू, राजेंद्र और प्रिंस केसरवानी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक लाख दो हजार रुपये नकद और ५२ ताश के पत्ते बरामद किए। एयरपोर्ट पुलिस ने मोहिनी चौराहे से एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें अनूप, अनिल, रामसरन, चरन, राहुल और धर्मेंद्र शामिल हैं। इनके पास से १५,२०० रुपये नकद और ५२ ताश के पत्ते मिले। वहीं, करेली पुलिस ने अकबरपुर में छापेमारी कर समीर, गुलाब, अकील, इरशाद, अरमान, माजिद और अनीश को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से २८,७९० रुपये नकद और ५२ ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शराबकी दुकानके पास युवकको बुलाकर पीटा, धमकी

सिविल लाइंस स्थित एक होटल कंपाउंड में अंग्रेजी शराब की दुकान के पास एक युवक को फोन कर बुलाने के बाद मारपीट करनेका मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक के पहुंचने पर छोटू कुशवाहा और उसके साथ मौजूद तीन अन्य लोगोंने गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवक के पिता अधिवक्ता प्रमोद कुमार धुरिया ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। प्रमोद कुमार धुरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छोटू कुशवाहा ने उनके बेटे प्रिंस उर्फ पीयूष कुमार को फोन कर होटल कंपाउंड में अंग्रेजी शराबकी दुकान के पास बुलाया था। वहां पहुंचने पर छोटू और उसके साथ मौजूद तीन अन्य लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर युवकको पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया कि घटना की रिकॉर्डिंग उनके पास है और मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी घटना कैद होनेकी बात कही है। उन्होंने १६ अक्तूबरको तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्जकर मामलेकी जांचकर रही है।

मेला देखकर लौटे युवकका फंदेसे लटका मिला शव

कुछ लोगोंसे मारपीटकी बात आयी सामने, नहीं मिला सुसाइड नोट, जांचमें जुटी कैंट पुलिस

कैंट थाना क्षेत्र के अशोक नगर स्थित नेवादा में शनिवार सुबह २६ वर्षीय मानू चौहान का शव मकान की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में पंखे से लटका मिला। युवक को फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। जांच में पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के मुताबिक, मानू शुक्रवार रात सिविल लाइंस में लगे मेले में गया था। वहां कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की बात सामने आयी है। रात करीब २:३० से तीन बजे वह घर लौटा था। सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला।

मानू चौहान अपने मामा रामचंद्र चौहान के घर रहता था। रामचंद्र चौहान न्यायालय में लिफ्टमैन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मानू के जन्म के कुछ महीने बाद ही उसकी मां की मौत हो गई थी। इसके बाद से वह उनके घर पर ही पल-बढ़ रहा था। मानू अविवाहित था और परचून की दुकान पर काम करता था। वह अपने मामा-मामी और उनके चार बच्चों के साथ रहता था। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार रात मानू सिविल लाइंस के मेले से घर लौटा था। रात करीब २:३० से तीन बजे उसने अपनी मामी को घर आने की जानकारी दी थी। इसके बाद सभी अपने-अपने काम में लग गए। मामा रामचंद्र ने बताया कि शनिवार सुबह मकान की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में उनका बेटा सोने गया तो मानू ने फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी होने पर परिवार में अफरातफरी मच गई। इसके बाद शव को नीचे उतारा गया। बहरहाल, पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस बयान में मेले में कुछ लोगों ने मानू के साथ मारपीट घटना के बारे में बताया है, परिजनों ने कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि मृतक के परिजन मेला में मारपीट की बात बता रहे है। जांच की जा रही है।

पोर्टलपर ही स्वीकार होंगे आनलाइन चिकित्सा प्रतिपूर्तिके दावे

अब चिकित्सा प्रतिपूर्ति के पोर्टल पर ही कर्मचारियों के दावे स्वीकार किये जायेगे। कोई भी हस्तलिखित चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा स्वीकार नही किया जायेगा। शासन के नये जारी निर्देश के अनुसार ०१ अक्टूबर के उपरान्त मानव सम्पदा पोर्टल (चिकित्सा प्रतिपूर्ति पोर्टल) के माध्यम से ही आनलाइन दावे स्वीकार किए जाने हैं। कोई भी नया दावा भौतिक (आफलाइन) रूप से स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आहरण-वितरण अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि लंबित भौतिक दावों के लिए विभागीय स्तर पर भौतिक रूप से प्राप्त हो चुके चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का तकनीकी परीक्षण किया जायेगा। इसके लिए तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दावा प्रेषित किया जायेगा। विभागों के स्तर पर ३० सितम्बर तक भौतिक रूप से प्राप्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को तकनीकी परीक्षण के लिए तकनीकी परीक्षण अधिकारी परीक्षण करेगा। फिर भौतिक परीक्षण करते हुए संबंधित विभाग को वापस करेगा। तकनीकी परीक्षण अधिकारीको दावा पूर्व यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न विभागों के स्तर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा ३० सितम्बर तक भौतिक रूप से प्राप्त किया गया है।

सिविल डिफेंसने नये मतदाताओंसे भराये फार्म, किया जागरूक

सिविल डिफेंस केउप नियंत्रक नीरज मिश्रा और चीफ वार्डेन अनिल कुमार के निर्देशन में शनिवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया।

सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर और मतदान केंद्रों पर नागरिकों को जागरूक किया। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों पर बीएलओ भी मौजूद रहे।

ऐसे नागरिक जिनकी आयु १ जनवरी २०२७ को १८ वर्ष पूरी हो रही है या जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उन्होंने फार्म-६ भरकर अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने युवाओं को फार्म भरने और उसे अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास समय से जमा कराने में पूरी मदद की। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सिविल डिफेंस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात वार्डेन और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। २४ अक्तूबर को फिर कैंप लगाया जायेगा।

तापमानमें कमीसे ठण्डक महसूस कर रहे लोग

अधिकतम और न्यूनतम तापमानमें १२ डिग्री सेल्सियसका है अंतर

जनपद में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में तेज धूप निकल रही है जबकि रात में ठण्ड का असर बढ़ने लगा है। आसमान में बादलों की आवाजाही और धुंध जैसी स्थिति के कारण अब दिन के तापमान में भी गिरावट का असर भी लोगों को महसूस होने लगा है। सुबह और रात के समय ठण्डक बढ़ रही है, वहीं शाम ढलते ही मौसम ठण्डा होने लगता है। दिन और रात के तापमान में अंतर बना हुआ है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर १२ डिग्री सेल्सियस का है। मौसम में हो रहे इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। नगर क्षेत्रमें रात के समय तापमान गिरने से ठण्डक बढ़ने लगी है। दिन चढ़ने के साथ धूप तेज हो जाती है, लेकिन बादलों की आवाजाही के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। दिन में अधिकतम तापमान ३४ से ३५ डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है, जबकि रात में पारा गिरकर करीब २२ डिग्री तक आ जा रहा है। इससे दिन में गर्मी और रात में अपेक्षाकृत ठंडक का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। आज शनिवार को जनपद में अधिकतम तापमान ३४.८ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २२.४ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में करीब १२ डिग्री का अंतर रहने से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है।मौसम के इस बदलाव के बीच लोगों को दिन की गर्मी से राहत मिल रही है। आने वाले दिनों में तापमान में होने वाले उतार-चढ़ाव के साथ सुबह और रात की ठण्डक बढ़ने का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार २२ अक्तूबर तक नगर में न्यूनतम तापमान २० डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। रात के तापमान में गिरावट के साथ सुबह के मौसम में भी ठण्डक बढ़ने की सम्भावना है। इसका असर खासकर सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों और देर रात तक बाहर रहने वालों को महसूस हो सकता है।

घर-घर जाकर पात्र मतदाताओंसे फार्म छह भरायें-डीएम

करें मतदाता सूची में नए और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने के लिए शनिवार को जिले में विशेष अभियान चलाया गया। डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हिम्मतगंज स्थित इलाहाबाद गर्ल्स डिग्री कालेज कालिंदीपुरम के दिग्गज हायर सेकेंडरी स्कूल सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटने न पाए। डीएम ने बूथों पर तैनात बीएलओ को निर्देश दिया कि विशेष अभियान के बाद घर-घर जाकर पहली बार मतदाता बनने के पात्र युवाओं और छूटे हुए नागरिकों से फार्म-६ भरवाएं। फार्म भरवाने के बाद उसकी फीडिंग कराकर नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी करें। बूथ पर आने वाले पात्र नागरिकों के फार्म-६ के साथ जरूरी दस्तावेज लेकर तत्काल फीडिंग सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि पात्र नागरिक ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

अनारक्षित विशेष ट्रेनोंके गंतव्य, मार्ग और समयमें संशोधन

रेल प्रशासन द्वारा पूजा महोत्सव-२०२६ के दौरान चलायी जाने वाली पूर्व सूचित अनारक्षित विशेष ट्रेनों के गंतव्य, मार्ग और समय में संशोधन किया गया है। इसके तहत ट्रेन संख्या ०९०४७ और ०९०४८ (उधना-जयनगर-उधना) साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेन के गंतव्य को झांझरपुर से बदलकर जयनगर कर दिया गया है। यह गाड़ी संख्या ०९०४७ उधना से १८ अक्तूबर से २९ नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को कुल सात फेरे और वापसी में गाड़ी संख्या ०९०४८ जयनगर से १९ अक्तूबर से ३० नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को कुल सात फेरे संचालित होगी। उधना-सकरी-उधना के बीच इस ट्रेन के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, ट्रेन संख्या ०९०७३ और ०९०७४ (उधना-जयनगर-उधना) और ट्रेन संख्या ०९०७१ और ०९०७२ (उधना-जयनगर-उधना) साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन करते हुए इन्हें परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या ०९०७३ और ०९०७४ (उधना-जयनगर-उधना) गाड़ी संख्या ०९०७३ उधना से १८ अक्तूबर से २५ अक्तूबर तक रविवार को दो फेरे लगायेगी। वापसी में गाड़ी संख्या ०९०७४ जयनगर से २० अक्तूबर से २७ अक्तूबर तक मंगलवार को दो फेरे लगायेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या ०९०७१ उधना से १८ से २५ अक्तूबर तक रविवार को दो फेरे और वापसी में ट्रेन संख्या ०९०७२ जयनगर से २० से २७ अक्तूबर तक मंगलवार को दो फेरे लगायेगी।

सेवा संकल्प अभियानके समापनपर बांटी किट

नगर निगम की ओर से १७ सितंबर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह में पूर्व उपमहापौर और गंगा विचार मंच की प्रांत संयोजक अनामिका चौधरी और अपर नगर आयुक्त शादाब अहमद ने स्वच्छता कार्य में जुटी महिलाओं को किट वितरित की। अनामिका चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के २५ वर्षों के सार्वजनिक सेवा काल और विकसित भारत २०४७ के संकल्प को लेकर अभियान चलाया गया। इसके तहत एक महीने तक केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों, स्वास्थ्य शिविरों और विकास युवाओं को रोजगार तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ आयुष्मान, पेंशन और आवास योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अपर नगर आयुक्त शादाब अहमद ने स्वच्छता महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए गंगा और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मेजर सुनील निषाद, प्रवीण कुमार, रंजन श्रीवास्तव, कालीचरण आनंद, भीम सिंह, जाह्नवी निषाद, अरुण निषाद और दिलीप सेन सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा महिला मोर्चाने स्नातक चुनावको लेकर बनायी रणनीति

पोलिंग बूथोंपर पांच-पांच महिलाओंकी टीम बनाकर करेंगी कार्य



भाजपा महिला मोर्चा ने स्नातक चुनाव फतेह करने के लिए रणनीति तैयार कर ली है। मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं-छात्राओं के बीच जाकर सघन संपर्क अभियान चलाने के साथ ही पोलिंग बूथ पर पांच-पांच महिलाओं की टीम बनाकर कार्य करेंगी।

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में हुई। जिसमें इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव सफ़लता के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि स्नातक चुनाव में महिला मोर्चा की भी अहम भूमिका रहेगी। मतदान में मोर्चा की पदाधिकारी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहने की योजना बनाकर महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं-छात्राओं के बीच जाकर सघन संपर्क अभियान चलाएं। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष अपने अपने मंडलों के महिला मतदाताओं को जागरूक करने के साथ स्नातक चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करें। पोलिंग बूथ पर पांच महिलाओं की टीम बनाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि कहीं से चूक न होने पाए इसका ध्यान रखना है। सजगता के साथ २३ अक्तूबर को मतदान करवाने की रणनीति पर कार्य करना है।

बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता सिंह, शिखा रस्तोगी,चन्द्रा अहलूवालिया, दुर्गेश नंदिनी, नीलम त्रिपाठी, रीता वर्मा, कल्पना शर्मा, शिखा खन्ना, प्रिया कैथवास, सारिका भारद्वाज, दीपमाला श्रीवास्तव, स्वाति गुप्ता, सोनी गुप्ता, रीता साहू, प्रियंका, नीतू केसरवानी, आभा भारती सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहीं।

आपरेशन नार्कोस: ३.४४ करोड़से अधिकका मादक पदार्थ बरामद

उत्तर मध्य रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, बच्चों के संरक्षण तथा रेल नेटवर्क के माध्यम से होने वाली अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सतत प्रयासरत है। रेलवे परिसर एवं ट्रेनों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'आपरेशन नार्कोस' के तहत सघन निगरानी एवं कारवाई की जा रही है। वर्ष २०२६ में १५ अक्तूबर तक उत्तर मध्य रेलवे में इस अभियान के अंतर्गत कुल ४५ मामले दर्ज किये गये तथा ३,४४,६३,४१५ मूल्य के मादक पदार्थ, जिनमें गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ शामिल हैं, बरामद किये गये। मण्डलवार आंकड़ों के अनुसार, प्रयागराज मण्डल में २१ मामलों में १,८९,४६,६६५ मूल्य के मादक पदार्थ, झांसी मण्डल में १३ मामलों में ७९,७०,३०० मूल्य के मादक पदार्थ तथा आगरा मण्डल में ११ मामलों में ७५,४६,४५० मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किये गये।

आपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाकर ७०६ बच्चोंको सुरक्षित बचाया

उत्तर मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल परिसर एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण प्रदान करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी कारवाई की जा रही है। वर्ष २०२६ में १५ अक्तूबर तक चलाये गये 'आपरेशन नन्हे फरिश्ते' अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गयी हैं। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को अपराधों की रोकथाम तथा रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में मादक पदार्थों एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर कारवाई करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वहीं, महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे, प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम में रेलवे सुरक्षा बल की सक्रिय एवं अग्रिम भूमिका पर निरंतर बल दिया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'आपरेशन नन्हे फरिश्ते' के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में अकेले, बिछड़े हुए अथवा सहायता की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित संरक्षण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वर्ष २०२६ में १५ अक्तूबर तक उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों में कुल ७०६ बच्चों को सुरक्षित बचाया गया। इनमें प्रयागराज मण्डल में ४५०, झांसी मण्डल में १८९ तथा आगरा मण्डल में ६७ बच्चों को सहायता प्रदान की गयी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।